**भारत सरकार**

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय**

**रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1876**

**दिनांक 03.03.2020 को उत्तर दिए जाने के लिए**

.....

**प्लास्टिक पार्क**

**1876. श्री डी.एम. कथीर आनन्दः**

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रसायन और पेट्रोरसायन विभाग की देश में प्लास्टिक पार्कों की स्थापना की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में कार्यशील प्लास्टिक पार्कों की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है;

(घ) क्या देश में और नए प्लास्टिक पार्क स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री डी.वी. सदानंद गौड़ा)**

(क) और (ख): जी, हां। रसायन और पेट्रो रसायन विभाग प्लास्टिक पार्क की स्थापना के लिए योजना को कार्यान्वित कर रहा है। इस योजना का उद्देश्य आवश्यकता आधारित प्लास्टिक पार्क, एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र जिसमें अत्याधुनिक अवसंरचना हो, स्थापित करना और घरेलू डाउनस्ट्रीम प्लास्टिक प्रसंस्करण उद्योग की क्षमताओं को समेकित और समन्वित करने के लिए क्लस्टर विकास दृष्टिकोण के माध्यम से सामान्य सुविधाओं को सक्षम करना है। इस योजना के तहत भारत सरकार प्रति परियोजना 40.00 करोड़ रुपये की सीमा के अध्यधीन परियोजना लागत का 50% तक अनुदान निधि प्रदान करती है, शेष परियोजना लागत राज्य सरकार, लाभार्थी उद्योगों और वित्तीय संस्थानों से ऋण द्वारा वित्त पोषित की जानी होती है।

(ग): वर्तमान में, 6 प्लास्टिक पार्क कार्यान्वयन के अधीन हैं। इस योजना के तहत इन प्लास्टिक पार्कों की स्थिति का विवरण निम्नानुसार है:

1. मध्य प्रदेश: तमोट में प्लास्टिक पार्क ने भौतिक अवसंरचना को पूरा कर लिया है और सामान्य सुविधा केंद्रों (सीएफसी) के लिए उपकरणों की खरीद प्रगति पर है। प्लास्टिक पार्क में एक इकाई क्रियाशील है।

2. मध्य प्रदेश: बिलौआ में प्लास्टिक पार्क कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में है और कार्य प्रगति पर है।
3. ओडिशा: पारादीप में प्लास्टिक पार्क कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में है और कार्य लगभग पूरा हो चुका है।
4. झारखंड: देवघर में प्लास्टिक पार्क अगस्त 2019 में शुरू हो गया है और कार्य प्रगति पर है।
5. तमिलनाडु: थिरुवल्लूर में प्लास्टिक पार्क में, जनवरी-2020 में कार्य सौंप दिया गया है।
6. असम: तिनसुकिया में प्लास्टिक पार्क कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में है और कार्य प्रगति पर है।

(घ) और (ड.): जी हां, 4 नए प्लास्टिक पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव है। डीपीआर प्रस्तुत करने के आधार पर पश्चिम बंगाल, हरियाणा, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थापना के लिए चार प्लास्टिक पार्कों को "सैद्धांतिक रूप से" मंजूरी दी गई है। इन नए 4 प्लास्टिक पार्कों को अंतिम अनुमोदन देने की प्रक्रिया संबंधित राज्य सरकारों द्वारा अनुमोदन पूर्व आवश्यकताओं को पूरा करने में देरी के कारण लंबित है।

*****